Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd.
A Government of India (Ministry of Railways) Enterprise
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/07/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | Multi Tasking Staff |

Section : **Mathematics Numerical Ability**

**Q.1** कोई धनराशि 2 वर्ष बाद ₹9,600 और समान साधारण ब्याज दर पर 5 वर्ष बाद ₹12,000 हो जाती है। साधारण ब्याज की वार्षिक दर कितनी है?

Ans
✔ A. 10%
✗ B. 11%
✗ C. 12%
✗ D. 6%

**Q.2** मीनाक्षी और सीनू मिलकर किसी कार्य को 40 दिनों में पूरा कर सकते हैं। सीनू और रितिका मिलकर उसी कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तथा रितिका और मीनाक्षी मिलकर उसी कार्य को 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं। वे तीनों मिलकर उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

Ans
✗ A. 28
✗ B. 24
✔ C. 20
✗ D. 25

**Q.3** एक लंबवृत्तीय शंकु का आयतन 6280 $cm^3$ है और उसके आधार की त्रिज्या 20 cm है। शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans
✔ A. 1570
✗ B. 1680
✗ C. 1460
✗ D. 1780

**Q.4** यदि किसी भिन्न $\frac{a}{b}$ के अंश और हर दोनों में से 2 घटा दिया जाए, तो वह $\frac{1}{3}$ हो जाती है। यदि मूल भिन्न के अंश में 17 जोड़ दिया जाए और हर में 15 जोड़ दिया जाए, तो भिन्न $\frac{6}{14}$ हो जाती है। (6a - b) का मान कितना है?

Ans
✔ A. 133
✗ B. 130
✗ C. 136
✗ D. 131

**Q.5** ₹7,600 की धनराशि पर ब्याज वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होने पर, 5% वार्षिक दर से 2 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹650
✗ B. ₹805
✗ C. ₹867
✔ D. ₹779

Q.6 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$3 \text{ x } (8 \text{ x } (4^2)) \div 16 + 79 - 70$

Ans
- ✗ A. 42
- ✓ B. 33
- ✗ C. 36
- ✗ D. 31

Q.7 6.5, 10.7, 20.1 और a का औसत 19 है। a का मान कितना है?

Ans
- ✓ A. 38.7
- ✗ B. 39.7
- ✗ C. 37.7
- ✗ D. 40.7

Q.8 निम्नलिखित को हल कीजिए:

[(4 × 2) − (12 ÷ 4)] + 12

Ans
- ✓ A. 17
- ✗ B. 18
- ✗ C. 19
- ✗ D. 16

Q.9 एक पानी की टंकी के तल में दो नल, T1 और T2 लगे हैं जिनका उपयोग या तो अलग-अलग अथवा एक साथ टंकी को खाली करने के लिए किया जा सकता है, और दोनों एक समान दर पर काम करते हैं। जब केवल T1 खुला होता है, तो टंकी (शुरुआत में भरी हुई) 40 मिनट में खाली हो जाती है। जब T1 और T2 दोनों एक साथ खुले होते हैं, तो टंकी 30 मिनट में खाली हो जाती है। यदि केवल T2 खुला हो, तो टंकी (शुरुआत में भरी हुई) को खाली होने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 110 मिनट
- ✗ B. 90 मिनट
- ✗ C. 100 मिनट
- ✓ D. 120 मिनट

Q.10 दो पाइप A और B एक टंकी को क्रमशः 20 मिनट और 30 मिनट में भर सकते हैं। एक तीसरा पाइप C, टंकी को 40 मिनट में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा? (दशमलव के बाद 2 स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
- ✗ A. 21.23 मिनट
- ✗ B. 24.12 मिनट
- ✓ C. 17.14 मिनट
- ✗ D. 20.15 मिनट

Q.11 एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹400 है और अंकित मूल्य ₹800 है। यदि विक्रेता अंकित मूल्य पर 17% की छूट देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 65%
- ✓ B. 66%
- ✗ C. 67%
- ✗ D. 69%

Q.12 10 प्रेक्षणों के आँकड़ों की माध्यिका 10 है। आँकड़ों के सबसे छोटे और सबसे बड़े मान क्रमशः 0 और 15 हैं। यदि इन मानों को आँकड़ों से हटा दिया जाए, तो शेष आठ प्रेक्षणों की माध्यिका क्या होगी?

Ans
- ✗ A. 7.5
- ✗ B. 12
- ✓ C. 10
- ✗ D. 8

| | |
|---|---|
| Q.13 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक टीवी की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 81% की वृद्धि हो जाती है और टीवी की कीमत में 32% की कमी हो जाती है, तो 9 वॉशिंग मशीन और 3 टीवी की कुल कीमत में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
| Ans | ✔ A. 35.8% की वृद्धि<br>✘ B. 36% की कमी<br>✘ C. 38% की वृद्धि<br>✘ D. 35% की कमी |

| | |
|---|---|
| Q.14 | A के लिए निर्दिष्ट किया जाने वाला वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए, जिससे 8-अंकीय संख्या 102A4716, 4 से विभाज्य हो जाए? |
| Ans | ✘ A. 1<br>✔ B. 0<br>✘ C. 5<br>✘ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | एक व्यक्ति की वार्षिक आय ₹9,00,000 थी। पदोन्नति के कारण, उसकी आय में 20% की वृद्धि हुई। यदि वह व्यक्ति बढ़ी हुई आय का 36% बचाने का निर्णय लेता है, तो बचत की गई राशि की गणना कीजिए। |
| Ans | ✔ A. ₹3,88,800<br>✘ B. ₹3,98,500<br>✘ C. ₹3,68,200<br>✘ D. ₹3,72,800 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | एक व्यक्ति, स्थान A से B तक 12 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग का उपयोग करते हुए B से A तक 2 km/hr की चाल से लौट आता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. $2\frac{3}{7}$<br>✔ B. $3\frac{3}{7}$<br>✘ C. $12\frac{3}{7}$<br>✘ D. $13\frac{3}{7}$ |

| | |
|---|---|
| Q.17 | यदि 36 और A का माध्यानुपाती 54 है, तो A का मान कितना है? |
| Ans | ✘ A. 79<br>✘ B. 84<br>✔ C. 81<br>✘ D. 80 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | कोई निर्माता एक उत्पाद को 25% के लाभ पर एक थोक व्यापारी को बेच देता है। थोक व्यापारी इसे एक खुदरा विक्रेता को 50% के लाभ पर बेच देता है, और खुदरा विक्रेता इसे 28% के लाभ पर एक ग्राहक को बेच देता है। यदि ग्राहक ₹300 का भुगतान करता है, तो निर्माता के लिए लागत मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. ₹125<br>✘ B. ₹124<br>✘ C. ₹127<br>✘ D. ₹128 |

Q.19 9 इकाई और 10 इकाई की त्रिज्या वाले दो गोलों को पिघलाकर 1 इकाई की त्रिज्या वाला एक गोला और एक अन्य गोला बनाया जाता है। दूसरे गोले के व्यास का मान (इकाई में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 36
- ✗ B. 18
- ✗ C. 12
- ✓ D. 24

Q.20 कोई व्यक्ति किसी वस्तु को पहले उसके अंकित मूल्य पर d% की छूट देकर और फिर उसी अंकित मूल्य (₹ में) पर एक अतिरिक्त छूट देकर ₹573 में बेचता है। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹2,865 है, तो d का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 38
- ✗ B. 42
- ✗ C. 37
- ✓ D. 40

Q.21 विनोद, काजल और अर्पित ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,040, ₹1,390 और ₹1,890 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,440 है, तो लाभ में अर्पित का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹627
- ✗ B. ₹632
- ✗ C. ₹629
- ✓ D. ₹630

Q.22 एक व्यक्ति की मासिक आय ₹4,000 है। वह अपनी आय का 40% किराए पर, 25% ग्रोसरी पर और 15% परिवहन पर खर्च करता है। शेष राशि की बचत करता है। हालाँकि, अगले महीने उसका किराया 10% बढ़ जाता है, जबकि ग्रोसरी और परिवहन का खर्च समान रहता है। यदि उसकी आय वही रहती है, तो अगले महीने वह कितनी धनराशि की बचत करेगा?

Ans
- ✗ A. ₹820
- ✓ B. ₹640
- ✗ C. ₹160
- ✗ D. ₹600

Q.23 एक थैले में 36 गेंदें हैं। उनमें से कुछ लाल हैं, कुछ सफेद हैं और कुछ काली हैं। लाल और सफेद गेंदों का औसत मूल्य ₹38 है जबकि सफेद और काली गेंदों का औसत मूल्य ₹37 है। यदि लाल, सफेद और काली गेंदों का औसत मूल्य क्रमशः ₹42, ₹35 और ₹41 है, तो थैले में सफेद गेंदों की संख्या कितनी है?

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 16
- ✗ C. 12
- ✗ D. 10

Q.24 51 − [25 − {21 − (14 − 9 + 6)}] को हल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 34
- ✗ B. 33
- ✗ C. 35
- ✓ D. 36

Q.25 दो वृत्त एक-दूसरे को बिंदु X पर स्पर्श करते हैं। एक उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा उन्हें दो अलग-अलग बिंदुओं Y और Z पर स्पर्श करती है। यदि X से गुजरने वाली कोई अन्य स्पर्श रेखा YZ को A पर काटती है और XA = 16 cm है, तो YZ की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 24
- ✓ B. 32
- ✗ C. 18
- ✗ D. 42

Q.26 एक कार 8 घंटे में 700 km की दूरी तय करती है। इसकी चाल km/hr में कितनी है?

Ans
- ✗ A. 87.8 km/hr
- ✗ B. 87.9 km/hr
- ✗ C. 87.7 km/hr
- ✓ D. 87.5 km/hr

Q.27 वह सबसे छोटी प्राकृत संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 478100 में जोड़े जाने पर प्राप्त योगफल 11 से पूर्णतः विभाज्य हो।

Ans
- ✓ A. 4
- ✗ B. 7
- ✗ C. 1
- ✗ D. 5

Q.28 यदि $A = 7.5°$ है, तो $\frac{\sqrt{3}\cot 4A + 34\sqrt{3}\sin 8A + 22\cos 8A}{13\sqrt{2}\,\mathrm{cosec} 6A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3.4
- ✗ B. 5.8
- ✗ C. 1.6
- ✓ D. 2.5

Q.29 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$\left(\frac{5}{2}\right)x^2 + 5x - \frac{3}{2} + \left(\frac{5}{2}\right)x^2 - 7x + \frac{5}{2}$$

Ans
- ✗ A. $-5x^2 - (-2)x + (1)$
- ✗ B. $-5x^2 - (-2)x - (1)$
- ✗ C. $5x^2 + (-2)x - (1)$
- ✓ D. $5x^2 + (-2)x + (1)$

Q.30 अनुषा, ₹28,000 के साथ एक व्यवसाय शुरू करती है और 4 महीने बाद, मीनल, अनुषा के साथ साझेदार के रूप में जुड़ जाती है। एक वर्ष बाद, लाभ को 8 : 5 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। मीनल ने कितनी पूंजी निवेश की?

Ans
- ✗ A. ₹25,045
- ✗ B. ₹26,930
- ✓ C. ₹26,250
- ✗ D. ₹27,500

## Section : General Awareness

Q.1 लावणी नृत्य भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?

Ans
- ✓ A. महाराष्ट्र
- ✗ B. कर्नाटक
- ✗ C. केरल
- ✗ D. तमिलनाडु

Q.2 जनवरी 2025 तक की स्थिति के अनुसार, RBI की नवीनतम मौद्रिक नीति घोषणा के अनुसार रेपो दर कितनी है?

Ans
- ✗ A. 6.50%
- ✗ B. 6.75%
- ✓ C. 6.25%
- ✗ D. 0.06

Q.3 जल प्रदूषण का प्रमुख कारण क्या है?

Ans
- ✔ A. वाहितमल विसर्जन
- ✗ B. सौर विकिरण
- ✗ C. प्राकृतिक निस्यंदन
- ✗ D. वायु अपरदन

Q.4 फरवरी 2025 में, किस भारतीय राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में विधान सभा चुनाव हुए?

Ans
- ✔ A. दिल्ली
- ✗ B. महाराष्ट्र
- ✗ C. पश्चिम बंगाल
- ✗ D. बिहार

Q.5 समष्टि अर्थशास्त्र की निम्नलिखित में से कौन-सी नीतियां भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव और बेरोजगारी, दोनों को एक साथ संबोधित करने में सर्वाधिक प्रभावी हैं?

Ans
- ✗ A. विस्तारकारी राजकोषीय नीति
- ✗ B. संकुचनकारी मौद्रिक नीति
- ✗ C. विनिमय दर हस्तक्षेप
- ✔ D. आपूर्ति-पक्ष नीतियां

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सी आर्द्रभूमि, भारत में खारे पानी का सबसे बड़ा लैगून और प्रमुख रामसर स्थल है?

Ans
- ✗ A. सांभर झील
- ✗ B. वेम्बनाड झील
- ✗ C. लोकटक झील
- ✔ D. चिलिका झील

Q.7 सरकारिया आयोग की सिफारिशों के बाद, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा 1990 में अंतर-राज्य परिषद् की स्थापना की गई थी?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 352
- ✗ B. अनुच्छेद 310
- ✔ C. अनुच्छेद 263
- ✗ D. अनुच्छेद 324

Q.8 भारत निर्वाचन आयोग, जोकि एक स्थायी संवैधानिक निकाय है, की स्थापना भारतीय संविधान की अनुरूपता में किस तिथि को हुई थी?

Ans
- ✗ A. 26 अगस्त 1950
- ✗ B. 25 नवंबर 1950
- ✔ C. 25 जनवरी 1950
- ✗ D. 26 नवंबर 1949

Q.9 समावेशी ग्रामीण विकास ढांचे का प्रमुख सिद्धांत निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✔ A. हाशिए के समूहों के लिए संसाधनों और अवसरों तक समान पहुँच सुनिश्चित करना
- ✗ B. स्थानीय खाद्य सुरक्षा की तुलना में निर्यातोन्मुख कृषि उत्पादन को प्राथमिकता देना
- ✗ C. बड़े पैमाने की अवसंरचना परियोजनाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देना
- ✗ D. बड़े पैमाने पर कृषि कार्यों के माध्यम से अधिकतम दक्षता प्राप्त करना

**Q.10** __________ का उद्देश्य त्वरित और समावेशी संवृद्धि के लिए देश में तकनीकी रूप से सक्षम, एकीकृत, लागत-कुशल, स्थिति-स्थापक, संधारणीय और विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है।

**Ans**
- ✗ A. राष्ट्रीय नौवहन नीति
- ✓ B. राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति
- ✗ C. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति
- ✗ D. राष्ट्रीय विनिर्माण नीति

**Q.11** ________ अंग्रेजों के विरुद्ध एक सशस्त्र विद्रोह था, जिसे पाइका विद्रोह के रूप में भी जाना जाता है, जिसका नेतृत्व बख्शी जगबंधु ने किया था।

**Ans**
- ✓ A. 1817 का खुर्दा विद्रोह
- ✗ B. 1833 का कोल विद्रोह
- ✗ C. 1855 का संथाल विद्रोह
- ✗ D. 1817 का पिंडारी युद्ध

**Q.12** खादी और हाथ से कताई को बढ़ावा देने के लिए 1925 में, पटना में निम्नलिखित में से किस स्वतंत्र संघ की स्थापना की गई?

**Ans**
- ✗ A. हरिजन सेवक संघ
- ✓ B. अखिल भारतीय चरखा संघ
- ✗ C. अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ
- ✗ D. अखिल भारतीय वस्त्र अनुसंधान संघ

**Q.13** निम्नलिखित में से अंतरिम बजट, 2024-25 में किस तिलहन (oilseed) के उत्पादन में 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने की रणनीति की घोषणा की गई?

**Ans**
- ✓ A. सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी
- ✗ B. जौ, ज्वार, बाजरा और रागी
- ✗ C. कपास, जूट, गन्ना और चाय
- ✗ D. चावल, गेहूं, मक्का और दालें

**Q.14** गुप्तोत्तर काल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✓ A. सभी राज्य गुप्त साम्राज्य से बड़े थे।
- ✗ B. गुप्तोत्तर काल के दौरान राज्य अल्पकालिक थे।
- ✗ C. गुप्तोत्तर काल में अनेक राज्य अस्तित्व में आए।
- ✗ D. गुप्तोत्तर काल में ब्राह्मणों को किए जाने वाले भूमि अनुदान में वृद्धि हुई।

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा निर्वाह कृषि (subsistence farming) का एक उदाहरण है?

**Ans**
- ✗ A. डेरी फ़ार्मिंग (Dairy farming)
- ✓ B. झूम कृषि (Shifting cultivation)
- ✗ C. रोपण कृषि (Plantation agriculture)
- ✗ D. वाणिज्यिक अनाज कृषि (Commercial grain farming)

## Section : General Science

**Q.1** उस विकल्प का चयन कीजिए, जो अभिकथन और कारण द्वारा निरूपित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य है।

अभिकथन: $CH_3OH$, $C_2H_5OH$, $C_3H_7OH$ और $C_4H_9OH$ के रासायनिक गुणधर्म अत्यधिक समान है।
कारण: $CH_3OH$, $C_2H_5OH$, $C_3H_7OH$ और $C_4H_9OH$ सजातीय श्रेणी के सदस्य हैं।

**Ans**
- ✓ A. अभिकथन और कारण दोनों सत्य हैं।
- ✗ B. अभिकथन असत्य है, लेकिन कारण सत्य है।
- ✗ C. अभिकथन और कारण दोनों असत्य हैं।
- ✗ D. अभिकथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है।

Q.2 एक कार एक घर से एक पर्यटन स्थल के लिए चलना शुरू करती है। यदि यह प्रत्येक सेकंड में ठीक 100 m की दूरी तय करती है और 10 h बाद वापस घर पहुंचती है, तो यह _____ की औसत चाल से _____ की चाल से गतिमान है।

Ans
- ✗ A. एकसमान; 360 m/s
- ✗ B. असमान; 360 km/hr
- ✗ C. असमान; 100 m/s
- ✓ D. एकसमान; 360 km/hr

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-से जीव खाद्य श्रृंखला के प्रथम पोषी स्तर पर हैं?

Ans
- ✗ A. द्वितीयक उपभोक्ता
- ✗ B. प्राथमिक उपभोक्ता
- ✓ C. उत्पादक
- ✗ D. अपघटक

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ, अम्ल-क्षार सूचक के लिए लिटमस विलयन के निष्कर्षण हेतु प्रयुक्त किया जाता है?

Ans
- ✗ A. पेटुनिया दल (Petunia petals)
- ✗ B. पत्ता गोभी (Cabbage)
- ✓ C. लाइकेन (Lichen)
- ✗ D. जिरेनियम पुष्प (Geranium flowers)

Q.5 अवतल दर्पण का उपयोग करके, सूर्य से आने वाले प्रकाश को एक बिंदु पर अभिसरित करके तीक्ष्ण दीप्त बिंदु बनाया जाता है। इस बिंदु को अवतल दर्पण का/की __________ कहा जाता है।

Ans
- ✗ A. फोकस दूरी
- ✗ B. ध्रुव
- ✗ C. वक्रता केंद्र
- ✓ D. फोकस

Q.6 पौधों में गति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?

Ans
- ✓ A. सूरजमुखी - रसानुवर्तन
- ✗ B. मूल - ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन
- ✗ C. मूल - धनात्मक गुरुत्वानुवर्तन
- ✗ D. पराग नलिका - रसानुवर्तन

Q.7 गैसों की अपेक्षा ठोसों में ध्वनि की चाल ___________ होती है तथा ताप में वृद्धि के साथ यह _________ है।

Ans
- ✗ A. निम्न ; बढ़ती
- ✗ B. उच्च ; घटती
- ✗ C. निम्न; घटती
- ✓ D. उच्च; बढ़ती

Q.8 पादप की कोशिका को जंतु कोशिका से अलग करने वाली मुख्य विशिष्ट विशेषता _____ की उपस्थिति है।

Ans
- ✓ A. कोशिका भित्ति
- ✗ B. प्लाज्मा झिल्ली
- ✗ C. राइबोसोम
- ✗ D. कोशिका झिल्ली

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | बेकिंग सोडा के निर्माण में, निम्नलिखित में से कौन-सा रसायन, सोडियम क्लोराइड के साथ अभिक्रिया करता है? | |
| Ans | ✔ A. अमोनिया, कार्बन डाइऑक्साइड और जल | |
| | ✗ B. पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड | |
| | ✗ C. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड और जल | |
| | ✗ D. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | एथेनॉइक अम्ल का सामान्य नाम क्या है और जल में इसके 5-8% विलयन को क्या कहा जाता है? | |
| Ans | ✔ A. एसिटिक अम्ल और सिरका | |
| | ✗ B. टार्टरिक अम्ल और सिरका | |
| | ✗ C. ब्यूटेनॉइक अम्ल और लवण जल विलयन | |
| | ✗ D. फॉर्मिक अम्ल और लवण जल विलयन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | किसी परिपथ में, विद्युत धारा सेल के _______ टर्मिनल से सेल के _______ टर्मिनल तक प्रवाहित होती है। | |
| Ans | ✔ A. धनात्मक; ऋणात्मक | |
| | ✗ B. ऋणात्मक; धनात्मक | |
| | ✗ C. धनात्मक ; धनात्मक | |
| | ✗ D. ऋणात्मक; ऋणात्मक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | एक पिंड विरामावस्था से गति करना शुरू करता है और 2 सेकंड में 10 मीटर (m) की दूरी तय करता है। यह 3 सेकंड में प्रारंभिक बिंदु पर वापस आ जाता है। पिंड का औसत वेग कितना है? | |
| Ans | ✗ A. 5 m/s | |
| | ✔ B. 0 m/s | |
| | ✗ C. 4 m/s | |
| | ✗ D. 20 m/s | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | वामनता (Dwarfism), सामान्यतः __________ हार्मोन की कमी से संबंधित होता है। | |
| Ans | ✗ A. थायरॉइड | |
| | ✗ B. एड्रिनेलिन | |
| | ✗ C. पैराथाइरॉइड | |
| | ✔ D. वृद्धि | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | पुरुष जनन तंत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है? | |
| Ans | ✗ A. शुक्रवाहक - शुक्राणुओं के निर्माण का विनियमन | |
| | ✗ B. प्रोस्टेट ग्रंथि - टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्राव | |
| | ✗ C. वीर्य पुटिका - शुक्राणुओं का वितरण | |
| | ✔ D. वृषण - शुक्राणुओं का निर्माण | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | निम्नलिखित में से कौन-सी, निलंबन की विशेषता नहीं है? | |
| Ans | ✔ A. यह पारदर्शी होता है। | |
| | ✗ B. इसे निस्यंदन द्वारा पृथक किया जा सकता है। | |
| | ✗ C. विलेय कण समय के साथ नीचे बैठ जाते हैं। | |
| | ✗ D. यह एक विषमांगी मिश्रण होता है। | |

Section : **Logical Reasoning General Intelligence**

**Q.1** यदि 'P' का अर्थ '÷' है, 'Q' का अर्थ '+' है, 'R' का अर्थ '×' है और 'S' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 R 3 Q 64 P 16 S 12 = ?

**Ans**
- ✗ A. 24
- ✗ B. 29
- ✓ C. 19
- ✗ D. 14

**Q.2** आठ व्यक्तियों वाले किसी परिवार में गैरी, बाला की माता है। हैरी की दो पुत्रियाँ, गैरी और डैनी हैं। फैनी, हैरी की इकलौती पोती है। इमरान, डैनी का पिता है। चैन, बाला का भाई है। बाला, एबी का पुत्र है। डैनी के कोई बच्चा नहीं है। गैरी के कितने बच्चे हैं?

**Ans**
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

**Q.3** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 7 13 22 34 ?

**Ans**
- ✗ A. 48
- ✗ B. 50
- ✓ C. 49
- ✗ D. 46

**Q.4** सात बॉक्स, P, S, J, L, O, R और V, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं है कि इसी क्रम में रखे गए हों। V और O के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल S को J के ऊपर रखा गया है। O के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। L को R के नीचे किसी स्थान पर, लेकिन P के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। P के ऊपर तीसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

**Ans**
- ✗ A. V
- ✓ B. R
- ✗ C. O
- ✗ D. S

**Q.5** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरित पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DKH : FMJ
ESN: GUP

**Ans**
- ✓ A. AMR : COT
- ✗ B. FTO : ESN
- ✗ C. XOL : VMI
- ✗ D. HMG : INJ

**Q.6** प्रशांत अपनी कक्षा में ऊपर से $45^{वें}$ और नीचे से $17^{वें}$ स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 63
- ✗ B. 60
- ✓ C. 61
- ✗ D. 62

**Q.7** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं?

कथन:
कुछ बग, टिन हैं।
कुछ टिन, रिंग हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बग, रिंग हैं।
(II) सभी रिंग, टिन हैं।

**Ans**
- ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Q.8** प्रत्येक शब्द में R, T, V, O और E अक्षरों का केवल एक बार उपयोग करके, कितने अर्थपूर्ण पांच-अक्षर वाले अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✔ C. दो से अधिक
- ✗ D. एक

**Q.9** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) W G £ E © £ I % R G V % H # © I £ @ I $ € Y (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✔ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✗ D. 7

**Q.10** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएँ) 1 8 3 4 8 8 1 8 1 2 1 7 4 9 8 5 4 9 8 7 6 7 5 8 3 3 2 (दाएँ)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. शून्य
- ✗ B. तीन
- ✗ C. पाँच
- ✔ D. एक

**Q.11** PORTABLE शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। नए निर्मित अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाएँ से चौथा होगा?

**Ans**
- ✗ A. O
- ✗ B. R
- ✔ C. L
- ✗ D. P

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। (सभी संख्याएँ केवल एक-अंक वाली संख्याएँ हैं।)<br><br>(बाएँ) 5 7 9 8 5 6 2 1 3 8 4 3 6 9 7 4 5 9 8 5 4 2 7 9 8 5 8 4 (दाएँ)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक है? | |
| Ans | ✗ A. तीन<br>✗ B. एक<br>✓ C. तीन से अधिक<br>✗ D. दो | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✓ A. LOJ<br>✗ B. NQK<br>✗ C. PSM<br>✗ D. SVP | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E, C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A और E के बीच में केवल D बैठा है। F, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के बाएं से गिनने पर, E और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✗ A. एक<br>✓ B. तीन<br>✗ C. दो<br>✗ D. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FROM' को '3658' के रूप में और 'FOAM' को '6238' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या है? | |
| Ans | ✗ A. 6<br>✗ B. 5<br>✓ C. 2<br>✗ D. 3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह युग्म में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✓ A. FI - BC<br>✗ B. HK - DF<br>✗ C. NQ - JL<br>✗ D. KN - GI | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | # और % को निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?<br><br># : XSP :: EZW : % | |
| Ans | ✗ A. # = MHE, % = YKH<br>✗ B. # = MHE, % = PKU<br>✓ C. # = MHE, % = PKH<br>✗ D. # = NHE, % = PKH | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | A, B, C, D, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के दाईं ओर से गिनने पर, U और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। T के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ A. A<br>✓ B. C<br>✗ C. U<br>✗ D. S |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर EGJP का संबंध एक निश्चित तरीके से HJGM से है। उसी तरीके से, QSXD का संबंध TVUA से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, ZBOU का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
| Ans | ✓ A. CELR<br>✗ B. CGFT<br>✗ C. CLRS<br>✗ D. CERL |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | श्री ओले बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 14 km चलते हैं। फिर वे दाएँ मुड़ते हैं और 21 km चलते हैं, फिर दाएँ मुड़ते हैं और 23 km चलते हैं। फिर वे दाएँ मुड़ते हैं और 26 km चलते हैं। अंत में वे दाएँ मुड़ते हैं और 9 km चलते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?<br>(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड हैं।) |
| Ans | ✓ A. 5 km, पश्चिम की ओर<br>✗ B. 3 km, उत्तर की ओर<br>✗ C. 1 km, पश्चिम की ओर<br>✗ D. 4 km, पूर्व की ओर |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>'work more earn more' को 'ld sk tv ld' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है,<br>'pay as per work' को 'tv hw cx jf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और<br>'more pay for work' को 'mj tv cx ld' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।<br>(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं।)<br>दी गई भाषा में 'for' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✗ A. cx<br>✗ B. tv<br>✗ C. ld<br>✓ D. mj |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | शहर P, शहर A के उत्तर में है। शहर R, शहर A के दक्षिण में है। शहर S, शहर P के दक्षिण-पश्चिम में है। शहर Q, शहर A के पूर्व में है। शहर R, शहर Q के दक्षिण-पश्चिम में है। शहर Q के संदर्भ में शहर P की स्थिति क्या है? |
| Ans | ✗ A. दक्षिण<br>✓ B. उत्तर-पश्चिम<br>✗ C. दक्षिण-पूर्व<br>✗ D. पूर्व |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।<br><br>(बाएँ) S, G, A, H, K, E, L, M, I, X, O, Y, U, W, J. (दाएँ)<br><br>यदि समुच्चय से सभी स्वर हटा दिए जाएँ, तो बाएँ से आठवें अक्षर के बाएँ पाँचवाँ अक्षर कौन-सा होगा? |
| Ans | ✗ A. Y<br>✗ B. K<br>✗ C. L<br>✓ D. H |

Q.24 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी तारे, ग्रह हैं।
सभी ग्रह, चंद्रमा हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी तारे, चंद्रमा हैं।
(II) सभी चंद्रमा, ग्रह हैं।

Ans
- ✗ A. I और II दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ B. केवल I अनुसरण करता है
- ✗ C. न तो I और न ही II अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल II अनुसरण करता है

Q.25 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 + 9 ÷ 6 × 3 − 6 = ?

Ans
- ✓ A. 0
- ✗ B. 110
- ✗ C. 10
- ✗ D. −110

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. QKE
- ✓ B. TNP
- ✗ C. SMG
- ✗ D. RLF

Q.27 B, C का पिता है। E, F की बहन है। C, D की माता है। F, D का पति है। B का E से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई की पत्नी की माता के भाई
- ✗ B. भाई की पत्नी के पिता
- ✗ C. भाई की पत्नी के भाई
- ✓ D. भाई की पत्नी की माता के पिता

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

710 711 720 745 794 ?

Ans
- ✗ A. 885
- ✗ B. 865
- ✗ C. 895
- ✓ D. 875

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RGM WLR BQW GVB ?

Ans
- ✗ A. ALG
- ✗ B. AGL
- ✗ C. LGA
- ✓ D. LAG

Q.30 यदि संख्या 6234598 में, बाईं ओर से दूसरे अंक में 2 जोड़ा जाए तथा दाईं ओर से तीसरे अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में, अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
✔ A. 37
✗ B. 40
✗ C. 30
✗ D. 19

Section : **Knowledge about Railways DFCCIL**

**Q.1 डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited) का,निम्नलिखित में से कौन-सा एक पर्यावरणीय उद्देश्य है?**

Ans
✗ A. मालगाड़ियों के लिए जीवाश्म ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना
✔ B. परिवहन क्षेत्र में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना
✗ C. मौजूदा भारतीय रेलवे नेटवर्क को कम करना
✗ D. माल ढुलाई के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या कम करना

**Q.2 निम्नलिखित में से किस राज्य में वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (Western Dedicated Freight Corridor, WDFC) पर मार्ग की लंबाई सबसे लंबी है?**

Ans
✔ A. राजस्थान
✗ B. गुजरात
✗ C. महाराष्ट्र
✗ D. हरियाणा

**Q.3 दिसंबर 2024 में प्रकाशित सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, रेल सागर कॉरिडोर के तहत भारत सरकार द्वारा कितनी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी?**

Ans
✗ A. 5
✔ B. 2
✗ C. 3
✗ D. 4

**Q.4 ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (Eastern Dedicated Freight Corridor, EDFC) की योजना और निर्माण कितने राज्यों के माध्यम से किया गया था?**

Ans
✗ A. पांच
✔ B. छह
✗ C. चार
✗ D. सात

**Q.5 DFCCIL, _______ का उपयोग करके अपने कर्मचारी-वर्ग के वास्तविक समय के कार्यकारी घंटों को मॉनिटर करता है।**

Ans
✔ A. क्रू मैनेजमेंट सिस्टम (crew management system)
✗ B. क्रू वर्किंग मॉड्यूल (crew working module)
✗ C. क्रू ड्यूटी नियामक (crew duty regulator)
✗ D. क्रू पर्सोनल ऑफिस (crew personnel office)

**Q.6 भोपाल, जबलपुर और कोटा, भारतीय रेलवे के निम्नलिखित में से किस रेलवे जोन के अंतर्गत आते हैं?**

Ans
✗ A. पश्चिमी रेलवे
✗ B. उत्तर रेलवे
✔ C. पश्चिम मध्य रेलवे
✗ D. पूर्व मध्य रेलवे

Q.7 भारत की पहली वंदे भारत मेट्रो या 'नमो भारत रैपिड रेल' निम्नलिखित में से किन शहरों के बीच चलती है?

Ans

✗ A. मुंबई और पुणे

✗ B. बेंगलुरु और मैसूर

✓ C. भुज और अहमदाबाद

✗ D. वाराणसी और लखनऊ

Q.8 भारत के प्रथम बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का लक्ष्य देश के किन क्षेत्रों को जोड़ना है?

Ans

✗ A. प्रयागराज और हल्दिया

✗ B. दिल्ली और लखनऊ

✗ C. मुंबई और पुणे

✓ D. मुंबई और अहमदाबाद

Q.9 जनवरी 2025 तक, मध्य रेलवे कितने उपनगरीय गलियारों का संचालन करती है, जिसमें तीन से लेकर 15 कोच तक की सेवाएं शामिल हैं?

Ans

✗ A. छः

✗ B. चार

✗ C. तीन

✓ D. पांच

Q.10 सितंबर 2024 में, किन शहरों के बीच पहली नमो भारत रैपिड रेल शुरू की गई थी?

Ans

✗ A. अहमदाबाद और सूरत

✗ B. अहमदाबाद और राजकोट

✗ C. अहमदाबाद और वडोदरा

✓ D. अहमदाबाद और भुज